घटना

रेउसा गांव से पावन धाम जाने वाले मार्ग पर मिली कार, महुआ बीनने जा रहे ग्रामीणों ने दी पुलिस को सूचना

# जंगल में मिली संदिग्ध जली हुई कार, मचा हड़कम्प



**कोतमा नवभारत 1 अप्रैल।** अनूपपुर जिले के कोतमा थाना अंतर्गत आने वाले रेउसा गांव से पावन धाम जाने वाले जंगल मार्ग में बुधवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने एक कार को पूरी तरह जलकर खाक हुई स्थिति में देखा। घने जंगल के बीच इस तरह संदिग्ध हालत में जली हुई कार का मिलना कई अनसुलझे सवालों और गंभीर आशंकाओं को जन्म दे रहा है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह जब स्थानीय ग्रामीण महुआ बीनने के लिए जंगल की ओर गए थे, तब उनकी नजर इस जली हुई कार पर पड़ी। कार पूरी तरह लोहे के ढांचे में तब्दील हो चुकी थी। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना कोतमा पुलिस को दी।

### मुख्य अनसुलझे पहलू

कार में आग शॉर्ट सर्किट से लगी या इसे जानबूझकर आग के हवाले किया गया, यह अभी स्पष्ट नहीं है। कार में कितने लोग सवार थे और वे अभी कहां हैं, इस पर रहस्य बना हुआ है। कार इतनी बुरी तरह जल चुकी है कि उसका नंबर या मॉडल पहचानना मुश्किल हो रहा है।

### जेसीबी से हटाई गई कार

जंगल का रास्ता दुर्गम होने और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने जेसीबी मशीन बुलवाई और कार को मौके से उठवाकर पास के ही एक गांव में सुरक्षित रखवाया गया है, ताकि विशेषज्ञ और फॉरेंसिक टीम इसकी बारीकी से जांच कर सकें।

### पुलिस ने चलाया सघन तलाशी अभियान

घटना की गंभीरता को देखते हुए कोतमा पुलिस की टीम सुबह लगभग 9:00 बजे मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के लिए घटनास्थल के आसपास लगभग 3 से 4 घंटे तक सघन तलाशी अभियान (सर्च ऑपरेशन) चलाया। हालांकि, काफी मशक्कत के बाद भी पुलिस के हाथ फिलहाल कोई ठोस सुराग या कार से संबंधित दस्तावेज नहीं लग पाए हैं।

### इनका कहना है

पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। आसपास के थानों में गुमशुदगी और चोरी की रिपोर्ट खंगाली जा रही है। जल्द ही कार के मालिक और घटना की वास्तविकता का पता लगा लिया जाएगा।

**रत्नाम्बर शुक्ला**
**थाना प्रभारी कोतमा**



# नाबालिग को इंस्टाग्राम पर दोस्ती पड़ी भारी

**पुलिस ने किशोरी को मुंबई से सकुशल बरामद किया आरोपी गिरफ्तार**

**अनूपपुर, नवभारत 1 अप्रैल।** जिले में एक गंभीर मामले का खुलासा करते हुए कोतवाली अनूपपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को मुंबई (महाराष्ट्र) से सकुशल बरामद कर लिया है। साथ ही बालिका को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म करने के आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार 17 मार्च को नाबालिग बालिका के स्कूल नहीं पहुंचने और अचानक लापता होने की सूचना पर थाना कोतवाली में मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस टीम गठित की गई। कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन के नेतृत्व में गठित टीम ने लगातार प्रयास कर बालिका की लोकेशन ट्रेस की। जांच के दौरान बालिका को मुंबई के थाना खार क्षेत्र अंतर्गत गोरेगांव से आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी अमन राजपूत को गिरफ्तार कर लिया है।

### बालिका के साथ किया दुष्कर्म

पूछताछ में सामने आया कि नाबालिग बालिका की आरोपी से इंस्टाग्राम के माध्यम से कुछ महीने पहले पहचान हुई थी। आरोपी ने खुद को मुंबई में फूड रेस्टोरेंट का मालिक बताकर बालिका को अपने झांसे में लिया। 17 मार्च को आरोपी अनूपपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, जहां स्कूल जाने के लिए घर से निकली बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ मुंबई ले गया। वहां उसने बालिका के साथ दुष्कर्म किया।

# जैतहरी में मेधावी विद्यार्थियों का किया गया सम्मान



**वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित**

**अनूपपुर, नवभारत 1 अप्रैल।** सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी में 31 मार्च को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपलक्ष्य में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शिशु वर्ग से लेकर कक्षा 11वीं तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को अंकसूची, ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट अनुशासन एवं सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले छात्र-छात्राओं को भी विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अभिभावक निधि तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में सोमचंद सोनी, दिनेश कुमार सिंह चंदेल ब्लॉक समन्वयक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, एड. आस्तिक कृष्ण मिश्रा, एडवोकेट प्रशांत सोनी एवं मोहनलाल शिवहरे शामिल रहे।

### आगामी सत्र में बेहतर प्रदर्शन का करें प्रयास : प्राचार्य

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार उमर्लिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं, वहीं अन्य छात्र-छात्राएं निराश नहीं होकर आगामी सत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रयास करें। विद्यालय में 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अभिभावकों से बच्चों को समय पर विद्यालय भेजने की अपील की गई है।

# नई उड़ान, नए सपनों के साथ नए शैक्षणिक सत्र का आगाज



**प्रवेश उत्सव में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित**

**अनूपपुर, नवभारत 1 अप्रैल।** जिले में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ प्रवेश उत्सव के रूप में उत्साह और उमंग के साथ किया गया। शासन के निर्देशानुसार जिले के समस्त शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में प्रवेशोत्सव आयोजित किए गए।

जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अनूपपुर में सम्पन्न हुआ, जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए जीवन में ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है।

### बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें : प्रीति सिंह

उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें, क्योंकि शिक्षित और जागरूक बच्चे ही समाज और शासन की योजनाओं का सही लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में शिक्षक और अभिभावकों की समान भागीदारी आवश्यक है।

### विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने चाहिए : पंचोली

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने विद्यार्थियों की उत्साहजनक उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि केवल परीक्षा पास करना ही शिक्षा का उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने चाहिए और उन्हें साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए।

### छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष पार्वती राठौर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी तथा नगरपालिका परिषद अनूपपुर की उपाध्यक्ष सोनाली तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। इस दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण भी किया गया।

## एक नजर में



### दुधमनिया चंदन घाट में श्रमदान से की साफ-सफाई

**अनूपपुर, नवभारत।** पुष्पराजगढ़ सेक्टर अंतर्गत दुधमनिया चंदन घाट में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के तहत सामूहिक श्रमदान कर व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस पहल का संचालन नवांकुर संस्था के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और समितियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। अभियान के दौरान घाट परिसर की साफ-सफाई के साथ-साथ जल स्रोत को भी स्वच्छ किया गया। श्रमदान में शामिल सभी लोगों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ कार्य करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। इस प्रयास से घाट का वातावरण स्वच्छ और आकर्षक बना। कार्यक्रम में राम सिंह, नवांकुर संस्था के पदाधिकारी मोहन चंद्रवंशी, परामर्शदाता रिया जायसवाल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थियों ने योगदान दिया।



### अनूपपुर के दो विद्यार्थी नागालैंड भ्रमण पर रवाना

**अनूपपुर, नवभारत।** एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और युवाओं को देश की विविधता से परिचित कराने के उद्देश्य से अनूपपुर जिले के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन नागालैंड के शैक्षणिक भ्रमण के लिए किया गया है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने चयनित छात्रा अनुराधा गुप्ता एवं छात्र पन्नालाल चौधरी को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके सफल, सुरक्षित और ज्ञानवर्धक यात्रा की शुभकामनाएं दीं। यह पांच दिवसीय भ्रमण 2 से 6 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। यात्रा की शुरुआत भोपाल से दीमापुर (हवाई मार्ग) के माध्यम से होगी, जबकि वापसी दीमापुर से दिल्ली और फिर दिल्ली से भोपाल तक वंदे भारत एक्सप्रेस से की जाएगी। भ्रमण के दौरान विद्यार्थी नागालैंड की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, ऐतिहासिक स्थलों और शैक्षणिक नवाचारों का अवलोकन करेंगे।

### हनुमान जयंती पर भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

**अनूपपुर, नवभारत।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर 2 अप्रैल को अनूपपुर शहर में निकलने वाले भव्य जुलूस को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। आमजन एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गई है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशानुसार जुलूस मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन को पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। इसके साथ ही इस अवधि के दौरान सभी प्रकार के वाहन परमिट भी निरस्त रहेंगे। केवल आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहन, जैसे एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और शासकीय वाहन, को ही छूट दी जाएगी। यह प्रतिबंध 2 अप्रैल को सुबह 6 बजे से जुलूस समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। जुलूस के बाद शहर में संभावित भीड़ को देखते हुए आवश्यकतानुसार नो-एंट्री व्यवस्था भी लागू की जा सकती है।

# मेधावी छात्र सम्मानित, नि :शुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण

**भालूमाडा पीएम श्री हाईस्कूल में प्रवेशोत्सव आयोजित**



**जमुना कोतमा नवभारत 1 अप्रैल।** पीएम श्री हाईस्कूल भालूमाडा में नए शिक्षा सत्र 2026-27 के अवसर पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रामअवध सिंह, मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशांक आर्मो तथा वरिष्ठ पत्रकार सुरेश शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नगर के पार्षदगण, विद्यार्थियों के अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से की गई। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया।

### बच्चों को नियमित विद्यालय आने के लिए किया प्रेरित

इस अवसर पर अतिथियों ने पिछले सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उन्हें पुरस्कार प्रदान किए। साथ ही विद्यार्थियों को शासन की योजना के अंतर्गत नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया गया तथा सभी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया।

### नपा अध्यक्ष ने वॉटर कूलर प्रदान किया

नगर पालिका अध्यक्ष रामअवध सिंह ने विद्यालय को विद्यार्थियों की सुविधा के लिए वाटर कूलर प्रदान किया। साथ ही विद्यालय परिसर में फर्श निर्माण एवं बैडमिंटन कोर्ट बनाने के लिए भी आश्वस्त किया, जिससे छात्रों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सतीष प्रताप सिंह ने किया।



# फरार वारंटियों पर पुलिस की कार्रवाई, 6 गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में अपराधों पर नियंत्रण और लंबे समय से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बिजुरी पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने 5 स्थाई वारंटी और 1 गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर्र रहमान के निर्देशन में की गई। पुलिस द्वारा 31 मार्च को कोम्बिंग गश्त के दौरान विभिन्न स्थानों से वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में अनिल कोल, दशरु प्रजापति, प्रीती साहू, ओम प्रकाश चौधरी, भारत चौधरी एवं कमलेश चौधरी शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ अलग-अलग प्रकरणों में न्यायालय से गिरफ्तारी एवं स्थाई वारंट जारी थे।

# छात्राएं पढ़ाई पर दे विशेष ध्यान : प्रसाद

**अनूपपुर, नवभारत 1 अप्रैल।** शासकीय एकीकृत कन्या माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर बस्ती में बुधवार को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम बड़े ही उत्साह, उल्लास और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख अजय कुमार प्रसाद ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 14 की कंचन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद सुभाष पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने छात्राओं का तिलक वंदन कर स्वागत किया। इस अवसर पर अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अभिभावकों के साथ जनशिक्षक रामकुमार राठौर, शिक्षिका सविता प्रजापति, एस स्वाति राव एवं विद्या राठौर की सक्रिय सहभागिता रही।

# संकट मोचन के जयकारों से गूंजेगा सामतपुर, निकलेगी शोभायात्रा

**अनूपपुर नवभारत 1 अप्रैल।** भक्ति, सेवा और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम 2 अप्रैल, गुरुवार को सामतपुर में देखने को मिलेगा, जहां शिव मारुति युवा संगठन द्वारा भगवान हनुमान के जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन किया जा रहा है।



इस पावन अवसर पर जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थिति दर्ज कराएंगे, जिससे आयोजन की महत्ता और बढ़ गई है। संगठन द्वारा अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम को विधिवत आमंत्रित किया गया है।

### विशेष पूजा-अर्चना होगी

श्री शिव मारुति मंदिर, सामतपुर में आयोजित इस धार्मिक महोत्सव की शुरुआत प्रात: 9 बजे विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती से होगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शाम 4 बजे निकलने वाली शोभायात्रा होगी।

समापन

10 दिवसीय श्रीराम कथा व सतचंडी महायज्ञ का जगराता के साथ समापन, भक्तों ने किया हवन और पूजन

# भक्तिमय भजनों पर देर रात तक झूमते रहे श्रद्धालु, लगे माता के जयकारे

**जमुना कोतमा नवभारत 1 अप्रैल।** पसान नगर के वार्ड क्रमांक 8 स्थित दूरपता माता मंदिर परिसर में आयोजित 10 दिवसीय भव्य श्रीराम कथा एवं सतचंडी महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

19 मार्च से 28 मार्च तक चले इस धार्मिक आयोजन ने पूरे जमुना-कोतमा क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन उपस्थित होकर कथा श्रवण, यज्ञ हवन और पूजन-अर्चन में भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया। इस आयोजन में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा प्रवक्ता पंडित राजीव लोचन शास्त्रीद्वारा प्रतिदिन संगीतमय श्रीराम कथा का वाचन किया गया।



### विधि-विधान से दी गई आहुति

कथा के दौरान भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र, त्याग, मर्यादा और धर्म पालन के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। सतचंडी महायज्ञ में विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से आहुति दी गई, जिससे पूरा मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा और श्रद्धा से ओत-प्रोत हो गया।

### धार्मिक मूल्यों को सशक्त बनाने ऐसे आयोजन आवश्यक है : मिश्रा

इस धार्मिक आयोजन के पीछे युवा समाजसेवी आशीष मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन और सक्रिय प्रयासों से कार्यक्रम की तैयारियां व्यापक स्तर पर की गईं। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा प्रसाद वितरण जैसी व्यवस्थाएं की गई थी। आशीष मिश्रा ने कहा कि समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त बनाने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं।

### भक्त भक्ति रस में डूबे नजर आए

आयोजन के समापन अवसर पर माता रानी का भव्य जगराता आयोजित किया गया, जिसमें भजन गायक रिजा खान एवं बाली ठाकरे ने अपने भक्तिमय भजनों से श्रद्धालुओं को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। 'जय माता दी' के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा और भक्त भक्ति रस में डूबे नजर आए।



# अभियान चलाकर राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें : पंचोली

अनूपपुर, नवभारत। जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण के लिए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आम नागरिकों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आज उप तहसील कार्यालय बिजुरी का निरीक्षण कर राजस्व विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और नक्शा तरमीम जैसे महत्वपूर्ण प्रकरणों की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली और लंबित मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रकरणों की ऑर्डर शीट, प्रकरण क्रमांक, नंबरिंग एवं अन्य अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया।